राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 24 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने देश के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा है कि लोकतंत्र में मतदाता ही राष्ट्र का भाग्य विधाता होता है। उन्होंने मतदाता दिवस को मतदान जागरूकता पर्व बताते हुए कहा कि इस दिन हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि मतदान से कोई वंचित नहीं रहे। लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है। मतदान दिवस इसी सोच के लिए हमें जागरूक करता है। उन्होंने प्रदेश में सभी पात्र युवाओं से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने, मतदान जागरूकता के लिए वातावरण निर्माण करने का आह्वान किया है।